छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर

फोन नं:– 0771–2437309 फैक्स नं :–0771–2429385,

क्रमांक / 26 / प्रे.वि. / 2021 / समन्वय रायपुर दिनांक 06 / 04 / 2021

:: प्रेस विज्ञप्ति ::

मंडल की बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के संबंध में ।

छात्रों का साल बर्बाद न हो इसे ध्यान में रखते हुए कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं ऑफलाईन मोड में तय समय–सारिणी अनुसार आयोजित की जायेंगी अर्थात् कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 15 अप्रैल से 1 मई 2021 तक तथा कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 3 मई से 24 मई 2021 तक ऑफलाईन मोड में आयोजित की जायेगी । कोरोना को दृष्टिगत रखते हुए छात्रहित में निम्नलिखित निर्णय लिये गये है :–

- छात्रों के प्रवेश पत्र एवं परीक्षा केन्द्रों के अधिकारियों / कर्मचारियों के ड्यूटी आदेश के आधार पर परीक्षा केन्द्र तक जाने एवं आने की अनुमति रहेगी ।
- जो विद्यार्थी कोरोना संक्रमण, लॉकडाउन, कंटेन्मेंट जोन आदि के कारण किसी विषय या सभी विषयों में अनुपस्थित रहते है तो उनकी अंकसूची में अनुपस्थित न लिखकर 'C' लिखा जायेगा ऐसे विद्यार्थी को उन विषय में अंक नहीं दिये जायेंगे परन्तु उसे पास श्रेणी में उत्तीर्ण माना जायेगा ।
- ऐसे विद्यार्थी जिनकी अंकसूची में 'C' अंकित है उनके लिये पूरक परीक्षा के साथ विशेष परीक्षा आयोजित की जायेगी और विशेष परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर उनकी अंकसूची में 'C' के स्थान पर प्राप्तांक अंकित कर पुनरीक्षित अंकसूची जारी की जायेगी और उन्हे श्रेणी भी दी जायेगी ।

कोरोना महामारी से बचाव हेतु उपाय

1. सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए सभी मान्यता प्राप्त शालाओं को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है ।
2. परीक्षा कक्ष में प्रवेश से लेकर छात्रों की बैठक व्यवस्था में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जाए इस हेतु कक्ष की क्षमता 50% तक ही छात्रों को कक्ष में बैठाया जाए ।
3. सभी छात्र, शिक्षक और शालाओं के अन्य अधिकारियों / कर्मचारियों को मास्क पहनना अनिवार्य रहेगा ।
4. परीक्षा केन्द्र को सेनेटाइज किया जायेगा और छात्रों, शालाओं के अधिकारियों / कर्मचारियों के हाथों को सेनेटाइज करने की व्यवस्था की जायेगी ।
5. कोरोना पीड़ित छात्र को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा में नहीं बैठाया जायेगा।

उपरोक्त निर्देशों के साथ मंडल की कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की परीक्षाएं निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार आयोजित की जायेगी ।

6/4/21

(प्रोफेसर व्ही.के.गोयल)
सचिव
छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
रायपुर

प्रति,

संपादक

दैनिक समाचार पत्र ———————— की ओर भेजकर अनुरोध है, कि उपरोक्त समाचार छात्र हित में अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।